## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की दिनांक 23.09.2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 23.09.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :-

1. मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी, कुशीनगर।
2. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कुशीनगर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, कुशीनगर।
5. श्री विवेक कुमार कुशवाहा, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
6. श्री निरजंन कुमार भारती, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
7. श्री नीरज कुमार, सहायक अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
8. श्री बब्बन यादव, सहायक अभियन्ता (वि0/या0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
9. श्री रतनपाल सिंह, श्री आदित्य सिंह जू0इं0 एस0डब्लू0एस0एम0, कुशीनगर।
10. श्री चरण सिंह, उप परियोजना प्रबंधक, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
11. श्री अभय उपाध्याय, इंजीनियर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
12. श्री संतोष उपाध्याय, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स, कुशीनगर।
13. श्री देवेश कुमार गुप्त, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 व उनकी टीम।
14. श्री रविन्द्र गोखले, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 व उनकी टीम।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा जनपद महराजगंज के साथ साथ अतिरिक्त प्रभार के रूप में जनपद कुशीनगर में अधिशासी अभियन्ता के दायित्वों का निर्वहन किया जा रहा है तथा उक्त दिवस पर जनपद महराजगंज में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक होने के कारण इस बैठक में प्रतिभाग नही कर पाये।

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज-2 व फेज-3 में कुल 453 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिनसे जनपद के कुल 667 अदद् ग्राम पंचायतो के 904 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 334718 अदद् गृह जल संयोजन किया जाना है। उक्त 453 अदद् योजनाओं में कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 454 अदद् पम्प हाउस, 454 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6448 किमी0 वितरण प्रणाली विछाया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष कुल 454 अदद् ट्यूबवेल (पम्पिंग प्लान्ट सहित), 442 अदद् पम्प हाउस, 224 अदद् शिरोपरि जलाशय एवं 6275 किमी0 वितरण प्रणाली का कार्य हुआ है तथा शेष कार्य प्रगति पर है।

### 1- भूमि विवाद :-

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज-2 व फेज-3 के अन्तर्गत 453 अदद् योजनाओं के निर्माण हेतु 454 अदद् कार्यस्थलों हेतु भूमि की आवश्यकता थी जिसके सापेक्ष शतप्रतिशत भूमि का आवंटन हो गया तथा उपरोक्त 454 अदद् स्थलों पर बोरिंग का पूर्ण कर लिया गया है परन्तु योजना का कार्य प्रारम्भ होने के कुछ दिनों बाद 26 अदद् योजनाओं के कार्यस्थलों पर विभिन्न प्रकार के विवाद (सूची संलग्न) उत्पन्न होने के कारण शेष कार्य नही हो पा रहा है। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) कुशीनगर से समन्वय स्थापित करते हुये उपरोक्त प्रकरण को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये निस्तारण कराकर उपरोक्त अवशेष कार्यो को अतिशिघ्र पूर्ण करा लिया जाय।

(कार्यवाही अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)

### 2- वितरण प्रणाली बिछाने में व्यवधान :-

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज-2 व फेज-3 के अन्तर्गत कुल 6458 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना प्रस्तावित था जिसके सापेक्ष अब तक 6275 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य हुआ है। उक्त अवशेष 183



Scanned with OKEN Scanner

किमी0 वितरण प्रणाली में से 102.40 किमी0 वितरण प्रणाली विभिन्न छोटी–बडी बाधाओं (सूची संलग्न) यथा ग्रामवासियों द्वारा रोका जाना आदि के कारण बिछाया जाना शेष है। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व थानाध्यक्षों को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही समस्त उपजिलाधिकारी/थानाध्यक्ष/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/डी0पी0एम0यू0)

**3– एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से लम्बित अनापत्ति प्रमाण पत्र :–**

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के फेज–2 व फेज–3 में ग्रामीण पेयजल योजनाओं के वितरण प्रणाली बिछाने हेतु 16 अदद ग्रामीण पेयजल योजनाओं की अनापत्ति प्रमाण पत्र एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 से प्राप्त न होने के कारण 32.866 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाना सम्भव नही हो पा रहा है जबकि उपरोक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र करने हेतु दिनांक 15.07.2024 को ही आवेदन कर दिया गया था। उक्त के कम में जिलाधिकारी महोदय के स्तर से एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 को पत्र प्रेषित कराने तथा उनके उच्चाधिकारियों को पृष्ठांकित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/एन0एच0 पी0डब्लू0डी0 कुशीनगर)

**4– सड़क चौडीकरण/नाली निर्माण के दौरान पूर्व स्थापित वितरण प्रणाली एवं गृह जल संयोजनों का क्षतिग्रस्त होना :–**

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में बिछायी गयी वितरण प्रणालीयों एवं गृह जल संयोजनों को ग्राम पंचायत/क्षेत्र पंचायत/जिला पंचायत/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लोक निर्माण विभाग द्वारा रोड चौड़ीकरण/नाली निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है, जिसके कारण जलापूर्ति बाधित हो जा रही है। जिसके कम में जिलाधिकारी महोदय के स्तर से सम्बन्धित विमागों को पत्र निर्गत करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 एन0सी0सी0 लि0 कुशीनगर/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/टी0पी0आई0ए0/डी0पी0एम0यू0/समस्त खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लो0नि0वि0/जिला पंचायत)

**5– विद्युत विभाग से सम्बन्धित बिन्दु :–**

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत 103 अदद् पेयजल योजनाए विद्युत अधारित है जिनमें से अब तक मात्र 21 अदद् योजनाओं पर ही विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हो पाया है, उक्त अवशेष 82 अदद् योजनाओं के विद्युतीकरण का कार्य समय से न हो पाने के कारण जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है तथा जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 24 अदद् योजनाए छोटी–बडी विद्युत खराबी यथा ट्रान्सफार्मर खराब, पोल क्षतिग्रस्त आदि के कारण जलापूर्ति बाधित है जिसके कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रकरण को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुये अवशेष कार्य तत्काल करा दिया जाय।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/ अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)

**6– उ0प्र0 जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित पेयजल योजनाएं :–**

सहायक अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कुशीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर में जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित कुल 196 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाए है जिनसे जनपद के कुल 313 अदद् ग्राम पंचायतो के 519 अदद् राजस्व ग्रामों में कुल 206138 अदद् गृह जल संयोजन किया गया है जिनमें से 21 अदद् ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं से पूर्ण क्षमता पर तथा 109 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आंशिक क्षमता पर जलापूर्ति की जा रही है, शेष 66 अदद् ग्रामीण पेयजल योजनाओं से विभिन्न कारणों यथा विद्युत संयोजन में खराबी, रोड़ चौडीकरण के कारण मुख्य वितरण प्रणाली क्षतिग्रस्त होने के कारण जलापूर्ति बाधित है। उक्त योजनाओं के 10 वर्षो तक अनुरक्षण एवं संचालन हेतु मुख्यालय स्तर से कार्यदायी एजेंसी मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड को नामित किया गया है। वर्तमान में उपरोक्त अनुरक्षण एवं संचालन हेतु प्राक्कलन विरचन का कार्य किया जा रहा है जिसमें से 115 अदद् प्राक्कलन मुख्यालय स्तर पर प्रेषित किया जा चूका है तथा शेष योजनाओं के प्राक्कलन आगामी माह तक शतप्रतिशत प्रेषित कर दिया जायेगा तथा स्वीकृति उपरान्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करा लिया जायेगा।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मे0 विन्ध्या टेलीलिंक्स लिमिटेड कुशीनगर/ अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत विभाग/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर)



Scanned with OKEN Scanner

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद कुशीनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्युत अथवा राजस्व विभाग से सम्बन्धित समस्याओं को जनपद के अन्तर्गत 50 लाख से अधिक लागत की परियोजना की समीक्षा के दौरान निर्धारित प्रपत्र में सूचनाओं को संकलित करते हुये प्रति माह अपडेट किया जाय तथा जनपद में चल रहे समस्त कार्यो को निर्धारित समयावधि में तथा निर्धारित मानक के अनुरूप कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by Gunjan Dwivedi Date: 03-10-2025 14:06:50

Digitally signed by Mahender Singh Tawar Date: 25-10-2025 16:21:43

(आतिफ हुसैन)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

(महेन्द्र सिंह तंवर)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।

पत्रांक— 3057 / कार्य-18 / 09 दिनांक 08/11/2025

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर को सादर अवलोकनार्थ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
5. जिला विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
6. प्रभागीय वनाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
8. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, सिचाई एवं जल संसाधन विभाग/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
11. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
12. जिला कृषि अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
13. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कुशीनगर।
14. अधीक्षण अभियन्ता, पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, कुशीनगर।
15. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर।
16. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
17. समस्त अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कुशीनगर।
18. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लिमिटेड, कुशीनगर।
19. परियोजना प्रबन्धक, विन्ध्या टेलीलिक्स लिमिटेड, कुशीनगर।
20. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0 कुशीनगर।
21. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 कुशीनगर।
22. समस्त सहायक अभियन्ता/जू0इं0।

Digitally signed by ATIF HUSSAIN KHAN Date: 26-09-2025 15:59:07

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
कुशीनगर।



Scanned with OKEN Scanner